## -:प्रेस नोट:-

**दिनांक- 20.08.2025**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **श्रीमान् अपर पुलिस महानिदेशक रूल्स एंड मैनुअल्स श्री एल0वी0 एंटनी देव कुमार द्वारा पुलिस अधीक्षक बांदा के साथ सर्किट हाउस बांदा में SPEL Phase-2.0 (Student Police Experiential Learning) कार्यक्रम की, की गई समीक्षा बैठक।**

**विवरण-** जनपद बांदा में भारत सरकार के युवा कार्य मंत्रालय द्वारा संचालित स्टूडेंट पुलिस एक्सपिरिएंशल लर्निंग (SPEL) कार्यक्रम के अंतर्गत चलाये गये प्रशिक्षण कार्यक्रम के उपरान्त आज दिनांक 20.08.2025 श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक श्री एल0वी0 एंटनी देव कुमार द्वारा सर्किट हाउस बांदा में पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के साथ SPEL Phase-2.0 (Student Police Experiential Learning) कार्यक्रम की समीक्षा की गई। इस दौरान प्रशिक्षित छात्र/छात्राओं से उनके अनुभवों के बारे में चर्चा की गई और कार्यक्रम को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए उनके सुझावों को भी सुना गया। साथ ही छात्रों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने और पुलिस-जन सहयोग को और अधिक मजबूत बनाने की आवश्यकता पर भी बल दिया गया । इस दौरान श्रीमान् अपर पुलिस महानिदेशक द्वारा **SPEL Phase-2.0 कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले** छात्र/छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी नगर सुश्री मेविस टॉक, क्षेत्राधिकारी अतर्रा/नोडल अधिकारी **SPEL प्रोग्राम** श्री प्रवीण कुमार सहित कार्यक्रम से जुड़े सभी अधिकारी, कर्मचारीगण एवं प्रशिक्षित विद्यार्थी आदि उपस्थित रहे।